# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

कार्यालय होशंगाबाद रोड, भोपाल

क्रमांक 319/परीक्षा/2026, भोपाल, दिनांक 27-4-2026

## संशोधित अधिसूचना

## बी.लिब/एम.लिब प्रथम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2025–26

पूर्व में जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित **बी.लिब/एम.लिब प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025–26 के छात्र/छात्राओं हेतु एम.पी.ऑन लाईन के माध्यम से परीक्षा आवेदन भरे जाने की निम्नानुसार तिथियां संशोधित कर निर्धारित की जाती हैं :–**

| स. क्र | कक्षा | सामान्य शुल्क | विलंब शुल्क रू.300/–के साथ | विशेष विलंब शुल्क रू. 1000/–के साथ | विशेष विलंब शुल्क रू.4000/–के साथ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.लिब/एम. लिब प्रथम सेमेस्टर | 30/03/2026 से 27/04/2026 के स्थान पर 07.05.2026 तक। | 08/05/2026 से 12/05/2026 तक | 13/05/2026 से परीक्षा प्रांरभ होने से 03 दिवस पूर्व तक निर्धारित है। | छात्रों को अंतिम अवसर हेतु परीक्षा प्रांरभ होने की तिथि के 02 दिवस पूर्व से परीक्षा प्रांरभ होने की दिनांक तक। |

ऑनलाईन प्रक्रिया :–विश्वविद्यालय की बेवसाइट (WWW.bubhopal.ac.in) पर **online services** पर क्लिक कर महाविद्यालय को पूर्व से प्रदाय किए गए कॉलेज लॉगिन में जाकर फार्म भर सकेगें। असुविधा होने की स्थिति में महाविद्यालय प्राचार्य विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा/आई.टी.सेल से संपर्क कर समस्या का निवारण कर सकेगें। महाविद्यालय, परीक्षार्थी की पूर्व की समस्त अंकसूची की छायाप्रति परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**नोट (केन्द्र व्यय के संबंध में) :– वि.वि. की अधिसूचना क्रमांक 271/परीक्षा/2021 दिनांक 04.08.2021 के अनुक्रम में कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 15.02.2019 के पद क्रमांक 19/1/17 के निर्णय के परिपालन में एवं विश्वविद्यालयीन अधिसूचना क्रमांक 1037/परीक्षा/2019 दिनांक 24.06.2019 के अनुसार बरकतउल्ला वि.वि. से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष को सूचित किया जाता है कि समस्त परीक्षाओं में छात्रों से अग्रेषण शुल्क के साथ परीक्षा संचालन शुल्क के रूप में रू.100/– (एक सौ मात्र) द्वारा परीक्षा केन्द्र व्यय की राशि रू.100/– महाविद्यालय में जमा करने हेतु उन्हें अधिकृत किया जाता है जिन महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र वि.वि. द्वारा अन्य महाविद्यालयों को बनाया जावेगा वे महाविद्यालय उनसे संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रांरभ होने के पूर्व उक्त केन्द्र व्यय की राशि रू. 100/– प्रति छात्र संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करवायेगें जैसे कि नियमित परीक्षार्थी शुल्क रू. 1330–100/–(केन्द्र व्यय शुल्क) =रू.1230/– विश्वविद्यालय में जमा करेगें।**

शुल्क विवरणः–

01. नियमित परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु) – 1230+100=1330/–
02. समस्त विदेशी छात्र को देय शुल्क – 2620+100=2720/–
03. पोटर्ल शुल्क – 26/–

परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ. क्रमांक 320 परीक्षा/2026 भोपाल , दिनांक 27-4-2026

प्रतिलिपि––––

1–समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया जारी अधिसूचना को शिक्षण विभाग केनोटिस बोर्ड पर चिपकाने की व्यवस्था करें ।
2– उप–कुलसचिव/सहा.कुलसचिव/अनु.अधि. (गोपनीय/परीक्षा) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
3– अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभागकी ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
4– सचिव के माध्यम से माननीय कुलगुरू जी की ओर सूचनार्थ ।
5– निजसहायक के माध्यम से कुलसचिव जी की ओर सूचनार्थ ।
6– वित्त नियंत्रक, बरकतउल्ला वि.वि.भोपाल की ओर सूचनार्थ।
7– संचालक, एम.पी.ऑनलाईन म.प्र. की ओर उचित व्यवस्था एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया सुनिश्चित करें कि एम.पी.ऑनलाईन की हैल्पलाईन नं 4019401,4019406 तथा 4019414 पर कोई भी छात्र जानकारी चाहें तो उसे समय सीमा में उपलब्ध करायें।
8– प्रभारी आई.टी.सेल ब.वि.वि.की ओर सूचनार्थ ।
9– जनसम्पर्क अधिकारी/कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
10–संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल